दिन–गुरुवार दिनांक– 24 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार का बड़ा फैसला। नरकटियागंज–रक्सौल, सीतामढ़ी–दरभंगा और सीतामढ़ी–मुजफ्फरपुर के बीच रेल लाईन का होगा दोहरीकरण।

02. तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ में उप चुनाव के लिए नामांकन भरने का कार्य तेज। कल नामांकन का अंतिम दिन।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण।

04. और, चक्रवाती तूफान दाना के कल सुबह तक ओडिशा तट पर टकराने की आशंका। बिहार के दक्षिण–पूर्वी भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट।

---

केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर भारत में रेल नेटवर्क को मजबूत बनाने और नेपाल के साथ रेल संपर्क बढ़ाने के उद्देश्य से दो बड़ी रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन पर छह हजार सात सौ अंठानवे करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रीमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने मंत्रीमंडल की बैठक में मेट्रो, स्मार्ट सिटी, एयरपोर्ट और रोड कनेक्टिवीटी बढ़ाने समेत कई अहम फैसले लिए गए। उन्होंने बताया कि पहली परियोजना के अंतर्गत नरकटियागंज– रक्सौल, सीतामढी, दरभंगा और सीतामढी–मुज्जफरपुर के बीच दो सौ छप्पन किलोमीटर लम्बी रेल लाईन का दोहरीकरण किया जाएगा। इससे नेपाल, पूर्वोत्तर–भारत और सीमावर्ती क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और सामाजिक आर्थिक विकास भी बढ़ेगा।

–––बाईट–––

श्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे इस वर्ष दीपावली और छठ के अवसर पर लोगों की सुविधा के लिए सात हजार स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर रहा है।

–––बाईट–––

---

बिहार से जुड़ी रेलवे परियोजनाओं को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री के फैसले का स्वागत किया है। इधर, समस्तीपुर रेल मंडल के अपर महाप्रबंधक आलोक कुमार झा ने इसे केंद्र सरकार का मिथिलांचल के लिए बड़ी सौगात बताया है।

———बाईट———

दरभंगा, मधुबनी समेत विभिन्न स्थानों पर लोगों ने इस फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री को बधाई दी है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य के विभिन्न भागों में विकास योजनाओं को समय पर पूरा किया जाएगा। श्री कुमार ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करते हुए मार्च दो हजार पच्चीस तक पंचायत सरकार भवनों का निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने शिवहर, दरभंगा, अरवल, मधुबनी समेत विभिन्न जिलों में निर्मित पंचायत संसाधन केन्द्र का लोकार्पण किया। श्री कुमार ने मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत अलग–अलग जिलों के विभिन्न पंचायतों में स्थापित सोलर स्ट्रीट लाइट का लोकार्पण किया। साथ ही विभिन्न जिलों में पंचायत सरकार भवन ई–ग्राम कचहरी कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम और जिला परिषद पोर्टल का उद्‌घाटन किया।

———————————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ में नामांकन भरने का कार्य तेज गति से चल रहा है। कल नामांकन का अंतिम दिन है। हमारे गया संवाददाता ने बताया है कि आज बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से जदयू की प्रत्याशी मनोरमा देवी, राजद प्रत्याशी विश्वनाथ कुमार सिंह, एआईएमआईएम के मोहम्मद जामिन अली हसन और जनसुराज पार्टी के मोहम्मद अमजद समेत पांच प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। वहीं, इमामगंज विधानसभा क्षेत्र से हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा की प्रत्याशी दीपा मांझी और जनसुराज के जितेन्द्र पासवान ने नामांकन पत्र भरा है। इधर, कैमूर जिले के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से जनसुराज के प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह समेत तीन उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। नामांकन पत्रों की

जांच अट्टाईस अक्टूबर को होगी, जबकि प्रत्याशी तीस अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह नवम्बर को होगा।

———————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने आज बिहार यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत जहानाबाद से की। इस अवसर पर उन्होंने दो हजार पच्चीस में एनडीए की सरकार बनाने का संकल्प दोहराया। श्री कुशवाहा ने उप चुनाव में सभी चार सीटों पर एनडीए की जीत का दावा भी किया।

———बाईट———

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने देश में डायमोनियम फॉस्फेट—डीएपी उर्वरक की कमी से संबंधित मीडिया खबरों को खारिज करते हुए कहा है कि ये भ्रामक और तथ्यात्मक स्थिति से परे हैं। एक रिपोर्ट——

———बाईट———

रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया है कि डीएपी पर सब्सिडी बिल्कुल भी कम नहीं की गई है और इसकी अधिकतम खुदरा कीमत कोविड के समय से ही एक हजार 350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम बैग रखी गई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी वर्ष 2024 के लिए डीएपी की सब्सिडी में वृद्धि का निर्णय लिया है। मंत्रालय ने कहा कि इसके अलावा रबी 2024—2025 के लिए कुल बजटीय आवंटन बढ़ाकर 24 हजार 475 करोड़ रुपये कर दिया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि कई भू—राजनीतिक कारकों से डीएपी की उपलब्धता कुछ हद तक प्रभावित हुई है। दिवाकर की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से आकर्षिता सिंह।

———————————————————————————

चक्रवाती तूफान दाना के आज रात से कल सुबह तक उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों से टकराने की आशंका है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि चक्रवात के कारण कई इलाकों में वर्षा शुरू हो गई है और अगले चौबीस घंटों में बारिश की संभावना है।

———————————————————————————

चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से राज्य के दक्षिण—पूर्व भागों में विभिन्न स्थानों पर बारिश की परिस्थितियां बनी हुयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि राजधानी पटना समेत प्रदेश के उन्नीस जिलों में तूफान का आशिंक असर

की संभावना है। इस दौरान जमुई, बांका, मुंगेर, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज और सुपौल समेत विभिन्न जिलों में तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। विभाग ने इन क्षेत्रों में आंधी–पानी को लेकर अलर्ट भी जारी किया है।

——————————————————————————————————

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने संभावित आपदा की स्थिति में किये जाने वाले प्रबंधन उपायों को लेकर टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साईंसेज–टिस्स के साथ एक समझौता किया है। समझौते के तहत अगले पांच वर्षों तक टिस्स की टीम राज्य में बाढ़, वज्रपात और सूखाड़ जैसे आपदाओं की स्थिति के समय प्रबंधन के उपायों पर प्रशिक्षण देगी। साथ ही आपदा के समय जोखिम को कम करने के उपायों पर सहयोग करेगी। प्राधिकरण के सचिव मिनेन्द्र कुमार ने कहा कि समझौते का उद्देश्य राज्य में आपदा प्रबंधन की क्षमता को मजबूत करना है।

——————————————————————————————————

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि राज्य सरकार भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। राजभवन में आज सैनिक कल्याण निदेशालय के राज्य प्रबंधन समिति की बैठक में भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विचार–विमर्श किया गया। राज्यपाल ने कहा कि सैनिकों के कल्याण के लिए हर संभवन उपाय किये जायेंगे।

——————————————————————————————————

महापर्व छठ की तैयारी शुरू कर दी गयी है। विभिन्न जिला संवाददाताओं ने बताया है कि छठ घाटों की साफ–सफाई और घाटों पर सुरक्षात्मक उपाए किये जा रहे हैं। पटना के विभिन्न छठ घाटों पर जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम साफ–सफाई में जुटी है। विभिन्न खतरनाक घाटों को भी चिन्हित किया जा रहा है। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने कहा है कि इस वर्ष पटना में गंगा के एक सौ छह घाटों पर व्रतियों के अर्घ्य देने की व्यवस्था की जा रही है। श्री सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में पटना में त्योहारों के दौरान पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी गयी है।

———बाईट———

इधर, जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय और शेखपुरा के जिलाधिकारी आरिफ अहसन ने आज विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

---

बेगूसराय जिले के वीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खरमौली गांव में छापेमारी कर पुलिस ने एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। पुलिस ने मौके से तीन देशी पिस्तौल, कई अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

---

आज विश्व पोलियो दिवस है। यह दिन अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी पोलियो को समाप्त करने के वैश्विक प्रयासों के लिए आयोजित किया जाता है। यह बीमारी मुख्य रूप से बच्चों को प्रभावित करती है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न भागों में पोलियो टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया में पोलियो जागरूकता रैली निकाली गयी। इधर, शेखपुरा में सिविल सर्जन डॉ. एम. पी. सिंह ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

---

राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न भागों में डेंगू और चिकनगुनिया के मरीजों को मिलने का सिलसिला जारी है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर में डेंगू के एक सौ छियासी नए मरीज मिले हैं। पटना जिले में सबसे अधिक एक सौ दो मरीजों की पहचान की गयी है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. केंद्र सरकार का बड़ा फैसला। नरकटियागंज–रक्सौल, सीतामढ़ी–दरभंगा और सीतामढ़ी–मुजफ्फरपुर के बीच रेल लाईन का होगा दोहरीकरण।

02. तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ में उप चुनाव के लिए नामांकन भरने का कार्य तेज। कल नामांकन का अंतिम दिन।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण।

04. और, चक्रवाती तूफान दाना के कल सुबह तक ओडिशा तट पर टकराने की आशंका। बिहार के दक्षिण–पूर्वी भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट।

———————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।